Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# 13 महाविद्यालयों में बनाये जायेंगे बालिका छात्रावास: डॉ. धनसिंह रावत

**अनुमोदन**

## कार्यदायी संस्थाओं ने तैयार की 48 करोड़ 62 लाख की डीपीआर

**संवाददाता**

देहरादून। सूबे के 13 राजकीय महाविद्यालयों में बालिका छात्रावासों के निर्माण पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 48 करोड़ 62 लाख की धनराशि खर्च की जायेगी। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 50 बेड के 13 बालिका छात्रावासों का आगणंन शासन को उपलब्ध करा दिया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सूबे के 13 महाविद्यालयों के छात्रावासों पर 48 करोड़ 60 लाख की धनराशि खर्च की जायेगी। जिसके अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण (पौड़ी गढ़वाल), राजकीय महाविद्यालय उफरैंखाल (पौड़ी गढ़वाल), राजकीय महाविद्यालय पाबौं (पौड़ी गढ़वाल), राजकीय महाविद्यालय नारायणबगड (चमोली), राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल (पौड़ी गढ़वाल), राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसैड (उत्तरकाशी), राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी), राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत), राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी (रूद्रप्रयाग), राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट (पिथौरागढ़), राजकीय महाविद्यालय गैरसैंण (चमोली), राजकीय महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा) एवं राजकीय महाविद्यालय रानीखेत (अल्मोड़ा) शामिल है। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रत्येक महाविद्यालयों को भवन उपलब्ध कराया गया है। विगत चार वर्षों में विभाग के अंतर्गत गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल में लगभग दो दर्जन महाविद्यालयों के भवन निर्माण एवं अन्य लघु कार्यों हेतु राज्य एवं रूसा के अंतर्गत लगभग 300 करोड़ की धनराशि खर्च की गई है। जिसमें राज्य सेक्टर के अंतर्गत 142 करोड़ एवं रूसा योजना के तहत 150 करोड़ से अधिक की धनराशि शामिल है। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत), राजकीय महाविद्यालय मुवानी (पिथौरोगढ़), राजकीय महाविद्यालय मजरा महादेव (पौड़ी), राजकीय महाविद्यालय पाबौं (पौड़ी), राजकीय महाविद्यालय नंदासैण (चमोली), राजकीय महाविद्यालय तल्ला सल्ट (अल्मोड़ा), राजकीय महाविद्यालय ब्रहमाखाल (उत्तरकाशी), राजकीय महाविद्यालय दुग नाकुरी (बागेश्वर), राजकीय महाविद्यालय उफरैंखाल (पौड़ी), राजकीय महाविद्यालय घाट (चमोली), राजकीय महाविद्यालय कमांद (टिहरी), राजकीय महाविद्यालय पतलोट (नैनीताल), राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट (नैनीताल), राजकीय महाविद्यालय गणई गंगोली (पिथौरागढ़), राजकीय महाविद्यालय खैरासैण सतपुली (पौड़ी), राजकीय महाविद्यालय गरूड़ (बागेश्वर), राजकीय महाविद्यालय पाटी (चम्पावत), राजकीय महाविद्यालय खानपुर (हरिद्वार), राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी (टिहरी), राजकीय महाविद्यालय नारायणबगड़ (चमोली), राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान (अल्मोड़ा), राजकीय महाविद्यालय लमगड़ा (अल्मोड़ा) के भवनों का निर्माण कार्य एवं राजकीय महाविद्यालय चन्द्रबदनी नैखरी (टिहरी) तथा राजकीय महाविद्यालय मालदेवता रायपुर (देहरादून) में विज्ञान संकाय भवन के निर्माण कार्यों हेतु धनराशि आवंटित की गई।

### विगत चार वर्षों में अवस्थापना कार्यों पर खर्च किये गये 300 करोड़

शासन की टीएसी द्वारा छात्रावासों के निर्माण हेतु कुल 18 करोड़ 62 लाख की धनराशि का अनुमोदन कर दिया गया है। विगत चार वर्षों में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत लगभग दो दर्जन महाविद्यालयों के भवन निर्माण एवं अन्य लघु कार्यों हेतु राज्य सेक्टर एवं रूसा के अंतर्गत लगभग 300 करोड़ की धनराशि खर्च की गई है।

## न्यूज डायरी

### मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव में तीन हजार को लगायी गयी वैक्सीन

**संवाददाता** हरिद्वार। कोविड से निपटने के लिए चलाए जा रहे मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव के अंतर्गत ऋषिकुल कोविड–19 वैक्सीनेशन सेन्टर के नोडल अधिकारी रेडक्रास सचिव डा.नरेश चौधरी के संयोजन में हरकी पैडी, रेलवे स्टेशन एवं मनसा देवी मंदिर पर भी सभी आयु वर्ग के तीन हजार से अधिक लाभार्थियों को वैक्सीन की डोज लगाई गयी। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग जनपद में कोविड–19 वैक्सीन लाभार्थियों को वैक्सीन लगाने का विशेष अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। तीन दिवसीय मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव के अन्तर्गत ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में कोविड–19 वैक्सीन सेन्टर के साथ हरकी पैड़ी, मनसा देवी एवं रेलवे स्टेशन पर भी तीन हजार से अधिक लाभार्थियों को वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई गयी।

### सफाई कर्मचारियों ने की 11 सूत्रीय मांगो के जल्द निस्तारण की मांग

**संवाददाता** रुद्रपुर। ग्यारह सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर लामबंद सफाई कर्मचारियों ने पालिका अध्यक्ष सोनी राणा को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। ऐसा ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। चेयरमैन सोनी राणा को सौंपा ज्ञापन में कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा भी पालिका प्रशासन को मांगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी पालिका प्रशासन कोई कार्य नहीं कर रहा है। जो न्यायालय के आदेशों का अपमान है। उन्होंने तत्काल मांगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### जिनेडू की अविरल क्लासेस ने नीट/जेईई टॉपर्स को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। भारत में शिक्षा–तकनीक क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कम्पनी जिनेडू ने अविरल क्लासेस के सहयोग से अपने उत्तराखंड के केंद्रों से आने वाले नीट और जेईई 2021 के टॉपर छात्रों का सम्मान करने के लिए विशेष समारोह का आयोजन कराया है। यह आयोजन सर्वे ऑडिटोरियम, हाथीबड़कला, देहरादून में कराया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के सम्माननीय शिक्षा एवं खेल मंत्री अरविंद पांडे शामिल हुए, इसके साथ ही समारोह में अजय सिंह (एसएसपी–एसटीएफ) उत्तराखंड और डॉ संदीप आहूजा, एमबीबीएस, एमएस (एम्स)अध्येता,विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में जिनेडू के सह संस्थापक प्रशांत शर्मा ने कहा जिनेडू परिवार के सभी लोग यह देखकर बेहद प्रसन्न हैं कि हमारे उत्तराखंड केंद्र के छात्र ऐसा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सभी जिलाधिकारियों के साथ विस चुनाव की तैयारियों पर बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव हेतु प्रत्येक बूथ कनेक्टेड हो इसके लिए सभी सड़कों एवं ट्रैकिंग रूटों की मरम्मत 31 दिसम्बर तक कर ली जाए, ताकि पोलिंग टीम और मतदाताओं को कोई परेशानी न हो। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर और नोडल ऑफिसर की तैनाती 12 दिसम्बर तक सुनिश्चित कर ली जाए, इसके साथ ही जिन अधिकारियों की तैनाती गृह जनपदों में है या जिन्हें एक ही स्थान पर 3 वर्ष से अधिक हो गए हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से शीघ्रअतिशीघ्र स्थानान्तरित कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने प्रत्येक बूथ में एश्योर्ड मिनिमन फैसिलिटी (रैंप, बिजली, पेयजल, टॉयलेट आदि) की उपलब्धता 21 दिसम्बर, 2021 तक सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया जाए। इसके साथ ही अन्य राज्यों से लगे जनपद सहयोग हेतु 20 दिसम्बर तक बॉर्डर कॉर्डिनेशन मीटिंग्स आयोजित कर लें।



### भाजपा कार्यकर्ताओ ने सीडीएस को श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला में भी सीडीएस जनरल विपिन रावत व उनके साथ हुए शहीदों को भाजपा कार्यकर्ताओ ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन नौटियाल, राजेन्द्र गैरोला,नवीन गैरोला,अमीचंद शाह, जगमोहन पंवार, चरण शाह आदि मौजूद थे।

# सीडीएस जनरल विपिन रावत के निधन पर शोक में डूबा उत्तराखण्ड

**संवाददाता** देहरादून। सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हेलीकाप्टर दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर पूरे देश के साथ उत्तराखण्ड में शोक छा गया। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सीडीएस विपिन रावत पौड़ी जिले के रहने वाले थे। उनके सीडीएस बन जाने से पौड़ी जिले का ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन हुआ था। कहा उनके द्वारा सेना में रहते हुए कई ऐसे कार्य किए गए जिनकी वजह से पौड़ी जिले सहित संपूर्ण देश गौरव महसूस करता है। लेकिन अचानक हेलीकॉप्टर दुर्घटना होने पर मौत हो जाने से पूरे देश को ही नहीं पौड़ी जिले को भी बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसकी आने



वाले समय में भरपाई होना मुश्किल है। डॉ. रावत ने जनरल रावत और उनकी पत्नी सहित अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। चमोली जिले के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना व कलक्ट्रेट परिसर के अधिकारी और कर्मचारियों ने जिला कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जनों द्वारा सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी व उनके सहयोगियों के दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करद्द भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के साथ ही शहीद सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गैरसैंण में सीडीएस बिपिन रावत को दी श्रद्धांजलि:** गैरसैंण विकासखंड के गैरसैंण, मेहलचौंरी एवं माईथान कस्बे में गुरूवार को सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित चॉपर में दुर्घटना हुये सभी 11 सैन्य अधिकारियों आज भावभीनि श्रद्धांजलि दी गयी।

### अनशन पर बैठे 90 वर्षीय बुजुर्ग की सरकार नहीं ले रही सुध

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को निजीकरण से मुक्त कराने के लिए चल रहे आंदोलन में आज 90 वर्षीय बुजुर्ग आमरण अनशन पर बैठ गए। इससे पहले उक्रांद कार्यकर्ताओं ने जनरल विपिन रावत की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया। डोईवाला स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र को निजीकरण से मुक्त कराने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल पिछले 16 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहा है। उत्तराखंड क्रांति दल के नेता केंद्र पाल सिंह तोपवाल का आमरण अनशन आज सातवें दिन भी जारी रहा। साथ ही 90 वर्षीय बुजुर्ग गिरधारी लाल नैथानी सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए आज से आमरण अनशन पर बैठ गए। उत्तराखंड क्रांति दल के नेता शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि, आज बीजेपी सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए उत्तराखंड आदोलनकारी 90 वर्षीय बुजुर्ग गिरधारी लाल नैथानी को मजबूरन आमरण अनशन पर बैठना पड़ा, यदि इन्हें कुछ भी हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।